9661

BA LLB(Hons.) 5 Year Course 1st Semester Examination - November, 2017

HINDI - 1 Paper : 101

Time : Three Hours Maximum Marks : 80

प्रश्नों के उत्तर देने से पहले परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि उनको पूर्ण एवं सही प्रश्न पत्र मिला है। परीक्षा के उपरान्त इस संबंध में कोई भी शिकायत नहीं सुनी जायेगी। नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

इकाई -1

1. 'पाजेब' कहानी का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए। 14

अथवा 'पूस की रात' कहानी के आधार पर हल्कू का चरित्र-चित्रण कीजिए।

इकाई -II

2. (क) नन्हकू उन्मत था। उसके थोड़े से साथी उसकी आज्ञा पर जान
देने के लिए तुले थे। वह नहीं जानता था कि राजा चेतसिंह का क्या राजनैतिक अपराध है। उसने कुछ सोचकर अपने थोड़े से साथियों को फाटक पर गड़बड़ मचाने के लिए भेज दिया। 7x2 = 14

अथवा

मैं कहती हूँ तुम खेती क्यों नहीं छोड़ देते ? मर-मर कर काम करो, उपज हो तो बाकी दे दो, चलो छुट्टी हुई। बाकी चुकाने के लिए ही तो हमारा जन्म हुआ है। पेट के लिए मजूरी
करो। ऐसी खेती से बाज आये। मैं रुपये न देंगी - न देंगी !

(ख) मेरा मन जाने कैसा गम्भीर प्रेम के भाव से आशुतोष के प्रति उमड़ रहा था। मुझे ऐसा मालूम होता था कि ठीक इस समय आशुतोष को हमें अपनी सहानुभूति से वंचित नहीं करना चाहिए, बल्कि कुछ अतिरिक्त स्नेह इस समय बालक को मिलना चाहिए।

अथवा उन दिनों की सोचता हूँ, तो लगता है, हम किसी झुटपुटे में जी रहे थे।, शायद समय बीत जाने पर अतीत का सारा व्यापार ही झुटपुटे में बीता जान पड़ता है ? ज्यों-ज्यों भविष्य के पट खुलते जाते हैं, यह झुटपुटा और भी गहराता चला जाता है।

इकाई -III

3. (क) सामाजिक वैषम्य के कारण और निवारण बताइये। 7x2 = 14

अथवा 'आरक्षण' के विषय में अपने विचार प्रकट कीजिए।

(ख) "राजनैतिक भ्रष्टाचार के उन्मूलन पर अपने विचार व्यक्त कीजिए।

अथवा लोक अदालतों के महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

https://www.mdupapers.com

इकाई -IV

4. किन्हीं सात विधि शब्दों के अंग्रेजी अर्थ लिखकर हिन्दी में वाक्य बनाइये : अधिवक्ता, अधिसूचना, अधिकार पृच्छा, अधिपत्र, अधीन न्यायालय, अनहर्ता, उन्मुक्ति, जनहित-याचिका, तथ्य छिपाना, दुर्भावनापूर्ण, दावेदार, जमानतीय, कुर्की। 14

1. (i) वापसी कहानी का उद्देश्य संक्षेप में बताइये। 3 x 8 = 24

(ii) 'गुण्डा' कहानी के आधार पर नन्हकू सिंह की चरित्रगत विशेषताएँ बताइये।

(iii) 'रोज' कहानी की मूल संवेदना पर संक्षिप्त विचार लिखिए।

(iv) 'दिल्ली में एक मौत' कहानी की समस्या पर प्रकाश डालिए।

(v) साम्प्रदायिक विद्वेष के कारणों पर प्रकाश डालिए।

(vi) 'न्यायालय की भूमिका सामाजिक सद्भाव के सन्दर्भ में अपने विचार प्रकट कीजिए।

(vii) 'सूचना का अधिकार' के सन्दर्भ में विचार प्रकट कीजिए।

(viii) 'निजता का अधिकार' कितनी निजता और कितनी सार्वजनीनता के सन्दर्भ में विचार लिखिए।

https://www.mdupapers.com